INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date :02.11.26
प्रश्नोत्तर	Topic: पाठ 7 'मत बाँधो', महादेवी वर्मा	Note: Pls. write in your Hindi note book

अति लघु प्रश्न

1. प्रश्न: 'मत बाँधो' कविता की कवयित्री कौन हैं?
उत्तर: 'मत बाँधो' कविता की कवयित्री महादेवी वर्मा हैं।

2. प्रश्न: कवयित्री सपनों के बारे में क्या कहती हैं?
उत्तर: कवयित्री कहती हैं कि सपनों के पंख नहीं काटने चाहिए और उनकी गति नहीं बाँधनी चाहिए।

3. प्रश्न: सौरभ कहाँ उड़ जाता है?
उत्तर: सौरभ नभ में उड़ जाता है।

4. प्रश्न: बीज कहाँ गिर जाता है?
उत्तर: बीज धूल में गिर जाता है।

5. प्रश्न: धुआँ कहाँ मँडराता है?
उत्तर: धुआँ गगन में मँडराता है।

6. प्रश्न: सपने मनुष्य को क्या प्रेरणा देते हैं?
उत्तर: सपने मनुष्य को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं।

7. कविता में किसकी स्वतंत्रता की बात कही गई है?
उत्तर: कविता में सपनों की स्वतंत्रता की बात कही गई है ।

लघु प्रश्नोत्तर

1. 'इन सपनों के पंख न काटो' पंक्ति का क्या अर्थ है?
उत्तर: इस पंक्ति का अर्थ है कि किसी के सपनों को पूरा करने में बाधा नहीं डालनी चाहिए। हर व्यक्ति को अपनी कल्पना के अनुसार आगे बढ़ने और सफलता पाने का अवसर मिलना चाहिए।

2. कवयित्री सपनों की गति न बाँधने की बात क्यों कहती हैं?
उत्तर: कवयित्री मानती हैं कि सपने व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। यदि सपनों पर रोक लगाई जाए, तो व्यक्ति की प्रतिभा और रचनात्मकता का विकास रुक सकता है।

3. 'सपनों में दोनों ही गति हैं' पंक्ति का क्या भाव है?

उत्तर: इस पंक्ति का भाव है कि सपने पहले विचारों के रूप में जन्म लेते हैं और फिर वास्तविक जीवन में पूरे होते हैं। इस प्रकार कल्पना और व्यवहार दोनों सपनों से जुड़े हैं।

4. 'स्वर्ग बनाने का फिर कोई शिल्प भूमि को सिखलाएगा' का क्या अर्थ है?
उत्तर: इस पंक्ति का अर्थ है कि अच्छे सपने और रचनात्मक विचार धरती को सुंदर बना सकते हैं। इनके माध्यम से लोग सहयोग, सद्भाव और शांति से रहने वाला संसार बना सकते हैं।
5 कवयित्री ने सपनों की तुलना किन-किन तत्वों से की है?
उत्तर: कवयित्री ने सपनों की तुलना सौरभ, बीज, अग्नि, धूम (धुआँ) और नभ (मुक्त आकाश) से किया है।
6 कवयित्री ने सपनों को बाँधने से मना क्यों किया है?
उत्तर: क्योंकि मुक्त गगन में विचरण करने के बाद जब सपना वापस पृथ्वी पर आएगा तो वह निश्चय ही किसी नए ज्ञान को धरातल पर उतारेगा और नई सर्जना करेगा।
7 सपनों में कौन-कौन सी दो गतियाँ होती हैं और वह (सपना) उड़कर कहाँ आता है?
उत्तर: सपनों में अग्नि तथा धूम दोनों की गति है और वह उड़कर वापस हमारी आँखों में आता है, जो हमें कुछ नया करने के लिए प्रेरित करता है।

दीर्घ प्रश्नोत्तर

1. 'मत बाँधो' कविता का मुख्य संदेश क्या है?
उत्तर: 'मत बाँधो' कविता का मुख्य संदेश है कि किसी के सपनों और विचारों की स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगानी चाहिए। सपने व्यक्ति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की प्रेरणा देते हैं। स्वतंत्र विचार और कल्पना से व्यक्ति अपनी प्रतिभा का विकास करता है। अच्छे सपने साकार होकर समाज और संसार को सुंदर, शांतिपूर्ण तथा समृद्ध बना सकते हैं।

2. कवयित्री ने सपनों को पंखों के समान क्यों बताया है?
उत्तर: कवयित्री ने सपनों को पंखों के समान बताया है, क्योंकि पंख पक्षियों को उड़ने में सहायता करते हैं। उसी प्रकार सपने मनुष्य को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य तक पहुँचने की प्रेरणा देते हैं। सपनों से व्यक्ति में आशा, उत्साह और आत्मविश्वास पैदा होता है। इसलिए हमें किसी के सपनों को रोकना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें पूरा करने में सहायता करनी चाहिए।

3. सपनों को साकार करने के लिए किन गुणों की आवश्यकता होती है?
उत्तर: सपनों को साकार करने के लिए मेहनत, लगन, धैर्य और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार बीज को पौधा बनने के लिए धूप, पानी और उपयुक्त मिट्टी चाहिए, उसी प्रकार सपनों को पूरा करने के लिए सही दिशा और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। कठिनाइयों से घबराए बिना आगे बढ़ने से व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

==========